प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.02.2025/प्रादेशिक समाचार/हेमदत्त/09.20 बजे

प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर वह स्थान प्राप्त है, जो पहले कभी नहीं मिला था। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत 2014 से ही तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत का आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ एक दशक में भारत टॉप फाईव इक्नोमी में आ गया है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केन्द्रीय बजट 2025 आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो ग़रीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनाएगा। अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं विधानसभा में स्थानीय लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मोदी सरकार का यह बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है।

किक बॉक्सिंग

मंडी जिला की थुनाग तहसील के गांव शिकावरी की बेटी होमानी ने छठी एशियन सवाते 2025 प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते कल हुई ताजा बर्फबारी से राज्य के तापमान में 4–5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार 17 फरवरी से हिमाचल क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके प्रभाव से 18 फरवरी को राज्य में फिर से वर्षा और बर्फबारी की सम्भावना है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के निर्णयों से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता दी है।अमर उजाला व पंजाब केसरी की एक जैसी सुर्खी है–सुक्खू सरकार 17 मार्च को पेश करेगी बजट, 6 सौ 99 पदों के नतीजे घोषित करने की मंजूरी–कैबिनेट बैठक में सीएम ने लिया फैसला, 10 से 28 मार्च तक चलेगा विधानसभा का बजट सत्र, विभिन्न विभागों में भरेंगे एक सौ 50 पद। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–सुक्खू सरकार लाई नौकरियों की बहार।

दैनिक जागरण लिखता है–आठ सौ 83 करोड़ 36 लाख की 25 परियोजनाओं को मंजूरी दो हजार 8 सौ 30 लोगों को मिलेगा रोजगार।

——————————————————